आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 07.02.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – सरकार का विकास मॉडल 'राष्ट्र प्रथम' है, और यह तुष्टीकरण के बजाय संतुष्टिकरण पर केंद्रित है।
- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और कृषि व पशुपालन को बढ़ावा देकर उत्तराखंड आत्मनिर्भर बन सकता है।
- प्रदेश में 38वें राष्ट्रीय खेलों के तहत रोमांचक मुकाबले जारी, पदक तालिका में सर्विसेस सर्वाधिक 31 स्वर्ण के साथ शीर्ष पर।
- **और,** राष्ट्रीय खेल में आज से नेटबॉल और हैंडबॉल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ होगा।

संसद

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उनकी सरकार के विकास के मॉडल में राष्ट्र प्रथम है और यह तुष्टिकरण पर नहीं बल्कि संतुष्टिकरण पर केंद्रित है। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का उत्तर देते हुए कहा कि लोगों ने यह मॉडल परख लिया है, और इसे समर्थन दिया है इसीलिए उनकी सरकार को तीसरी बार जनादेश मिला है।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस की आलोचना करते हुए कहा कि शासन का सबका साथ, सबका विकास का मॉडल कांग्रेस नहीं समझ सकती क्योंकि यह एक परिवार को समर्पित पार्टी है।

श्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने कौशल विकास, वित्तीय समावेशन और औद्योगिकीकरण को प्राथमिकता का क्षेत्र माना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति का अभिभाषण देश की उपलब्धियों, भारत से दुनिया की अपेक्षाओं, देश के जनसाधारण के आत्मविश्वास और विकसित भारत के संकल्प का विस्तृत व्याख्यान है।

**रिजर्व बैंक**

एक प्रमुख उद्योग संस्था एसोचौम ने कहा है कि रिजर्व बैंक आर्थिक वद्धि में सहयोग देने के लिए अपने बैचमार्क रेपो रेट में करीब 50 अंकों की कटौती कर सकती है। कोविड महामारी के बाद उत्पन्न अर्थिक संकट से निपटने में रिजर्व बैंक ने मई 2020 में रेपो रेट में 40 आधार अंकों की कटौती करके इसे चार प्रतिशत कर दिया था। एसोचौम का मानना है कि भारतीय अर्थव्यवस्था में मांग और निवेश में तेजी लाने की तत्काल आवश्यकता है जिसे उधारी लागत कम करके हासिल किया जा सकता है। इन दरों में कटौती करने में बैंकिग व्यवस्था में कारोबार में तेजी आएगी और उपभोग तथा वित्तीय प्रणाली में सुधार होगा।

**ईपीएफओ**

श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने आज घोषणा की है कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन– ईपीएफओ ने वित्तीय वर्ष 2024–25 में पांच करोड से अधिक दावों का निपटारा कर एक कीर्तिमान स्थापित किया है। पिछले वर्ष संगठन ने चार करोड 45 लाख दावों का निपटारा किया था। डॉ. मांडविया ने कहा कि दावों के समाधान की प्रक्रिया को सरल बनाकर और शिकायतों की संख्या कम करके कर्मचारी भविष्य निधि संगठन ने ये सफलता प्राप्त की है।

यूपी सीएम

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्थानीय संसाधनों के बेहतर उपयोग और कृषि व पशुपालन को बढ़ावा देकर उत्तराखंड आत्मनिर्भरता बन सकता है। उन्होंने कहा कि इससे पलायन भी रुकेगा। अपने पैतृक गांव पंचुर के

दौरे पर पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने उत्तराखंड में डेयरी और पशुपालन की अपार संभावनाओं पर जोर देते हुए कहा कि बकरी का दूध बेहद फायदेमंद है और कई बीमारियों के इलाज में मददगार है। उन्होंने उत्तराखंड को भारत का मुकुट रत्न बताते हुए कहा कि यह राज्य राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से भी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने राज्य को नशा मुक्त बनाने और देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने की दिशा में काम करने की अपील की। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात भी की।

**नियुक्ति**

राज्य लोक सेवा आयोग से चयनित असिस्टेंट प्रोफेसरों को उच्च शिक्षा विभाग में प्रथम नियुक्ति दी गई है। उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा कि दुर्गम क्षेत्रों के महाविद्यालयों में 55 और असिस्टेंट प्रोफेसरों की नियुक्ति की गई है। जिसमें हिन्दी विषय में 29 और रसायन विज्ञान में 26 सहायक प्राध्यापक शामिल है। उन्होंने कहा कि राजकीय महाविद्यालयों में शत–प्रतिशत शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित करना सरकार की प्राथमिकताओं में है।

**राश्ट्रीय खेल–01**

और अब खबर राष्ट्रीय खेलों से––– राज्य में 38वें राष्ट्रीय खेलों की विभिन्न प्रतियोगिताएं चल रही हैं। सर्विसेज सबसे ज्यादा 31 स्वर्ण पदकों के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई है, जबकि कर्नाटक 30 स्वर्ण पदकों के साथ दूसरे और महाराष्ट्र 19 स्वर्ण पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है। राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड का शानदार प्रदर्शन भी जारी है। देवभूमि 5 स्वर्ण, 17 रजत और 17 कांस्य पदकों के साथ पदक तालिका में 15वें स्थान पर पहुंच गया है।

इस बीच, लॉन बॉल के पुरुष सिंगल्स, पुरुष फोर्स, महिला पेयर्स और महिला ट्रिपल्स कैटेगरी के पूल मैचों की शुरुआत हो चुकी है। पुरुष सिंगल्स में असम ने उत्तराखंड को 21–14 से हराया, जबकि पश्चिम बंगाल ने ओडिशा को 21–08 से मात दी। झारखंड ने दिल्ली पर 21–12 से जीत दर्ज की और बिहार ने मणिपुर को 21–16 से हराया।

उधर, टिहरी के शिवपुरी में आयोजित बीच वॉलीबॉल प्रतियोगिता में आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु की टीमों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इस अवसर पर वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि खेलों के माध्यम से प्रदेश के युवाओं को भी आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

**राश्ट्रीय खेल–02**

पिथौरागढ़ में मुक्केबाजी प्रतियोगिताएं चल रही हैं। हमारे सहयोगी ने बताया कि 6 फरवरी को महिला और पुरुष वर्ग में कुल 26 मुकाबले खेले गए। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड ने सेमीफाइनल मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में प्रवेश कर लिया है।

रुद्रपुर के मनोज सरकार स्टेडियम में विभिन्न ट्रैक साइकिलिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। गुरुवार को आयोजित प्रतियोगिताओं में सर्विसेज की टीम ने स्वर्ण, पंजाब ने रजत और राजस्थान की टीम ने कांस्य पदक जीता। इस प्रतियोगिता में विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में राष्ट्रीय स्तर के खेलों का आयोजन होना प्रदेशवासियों के लिए गौरव का क्षण है।

38वें राष्ट्रीय खेल में आज से नेटबॉल और हैंडबॉल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ होने जा रहा है। इन खेलों में देश के विभिन्न राज्यों की टीमें अपना दमखम दिखाने उतरेंगी। नेटबॉल के मुकाबले देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्थित कंचनजंगा हॉल में होंगे, जबकि हैंडबॉल के मैच रुद्रपुर के शिवालिक हॉल में खेले जाएंगे। नेटबॉल प्रतियोगिता 7 फरवरी से 13 फरवरी तक आयोजित की जाएगी। पुरुषों और महिलाओं की टीमों में कई राज्यों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर....**

राष्ट्रीय खेलों में देशभर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन पर दैनिक जागरण लिखता है– तीरंदाजी में दीपिका का कमाल, एक ही दिन में जीते स्वर्ण, रजत, और कांस्य।

समान नागरिक संहिता पंजीकरण को सभी प्रमुख समाचार पत्रों ने अपने पत्र में स्थान दिया है। अमर उजाला ने दून विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर सुरेखा डंगवाल के हवाले से लिखा है– यूसीसी का निवास प्रमाणपत्र से संबंध नहीं। अगली सब हेडलाइन में अमर उजाला लिखता है– पंजीकरण का उद्देश्य उत्तराखंड की डेमोग्राफी को संरक्षित करना मात्र।

उच्च शिक्षा विभाग में 55 नए असिस्टेंट प्रोफेसरों की तैनाती इस खबर को सभी समाचार पत्रों में स्थान मिला है नवोदय टाइम्स लिखता है राज्य की महाविद्यालय में शिक्षकों की कमी को काफी हद तक दूर कर लिया गया है।